# मुख्य बाजार में दिन में रहेंगे भारी वाहन प्रतिबंधित

**खास बातें**

- नगरपालिका कई जगह लगा रही बैरिकेट्स
- दो स्थानों पर बनाई जा रही अस्थाई पार्किंग



नवीाारत न्यूज

**सिरोंज 14 अक्टूबर, दीपावली पर्व को लेकर शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था बनाये रखने तथा मुख्य बाजार में दिन में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए नगरपालिका द्वारा जगह-जगह बैरिकेट्स लगाये जा रहे है. साथ ही दो स्थानों पर अस्थाई वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है. बाजार में दुकानदारों से दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने तथा वाहन चालकों को बाजार में अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग न करने हेतु भी समझाईश भी दी जा रही है.**

शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था ठीक न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. आये दिन लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ता है. त्यौहारों पर भीड़भाड़ के दौरान बाजार में यातायात की स्थिति ओर अधिक बदतर हो जाती है. कई बार बाजारों में दिन में भारी वाहनों के आवागमन के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है. सीजन में तो यहां के हालात ज्यादा बदतर हो जाते हैं. मुख्य बाजार में लोडिंग वाहन दिन में ही प्रवेश करते है. और कई बार दिन में ही व्यापारियों के यहां पर लोडिंग वाहनों से सामान उतारने का काम किया जाता है. इस वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है. शहर के मुख्य बाजार में यातायात की इस समस्या के निराकरण के लिए नगरपालिका द्वारा मुख्य बाजार में दिन में बड़े एवं भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिये बैरिकेट्स लगाये जा रहे हैं. मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिये मुख्य बाजार में दिन में भारी वाहनों, लोडिंग वाहन आदि का प्रवेश सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा. इस हेतु नगरपालिका द्वारा कोर्ट गेट, कठाली बाजार, ढाल बाजार एवं टाकीज चौराहे के पास के क्षेत्र में बैरिकेट्स लगाये जा रहे हैं. जिससे यहां से केवल दो पहिया वाहन आदि ही दिन में मुख्य बाजार में प्रवेश कर पाएंगे. बड़े वाहन दिन में पूर्णता प्रतिबंधित रहेंगे. जिससे मुख्य बाजार में जाम की समस्या कुछ हद तक दूर हो जाएगी. वही नगरपालिका द्वारा कोर्ट गेट एवं ढाल बाजार क्षेत्र में अस्थाई वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी कराई जा रही है. बाजार में दुकानदारों से दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने तथा वाहन चालकों को बाजार में अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग न करने हेतु भी समझाईश भी दी जा रही है. जिससे मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था बनी रहे.

### बाजार में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग बनी मुसीबत

मुख्य बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से अधिकांश व्यापारियों से लेकर ग्राहकों द्वारा बाजार में ही अपने दोपहिया वाहनों को दुकानों के सामने ही खड़ा कर दिया जाता है. वैसे ही तो मुख्य बाजार सकरा है, और वाहन खड़े होने से जगह ही नहीं बचती है. इस वजह से कई बार यहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है. सीजन में तो यहां से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है. वाहन पार्किंग की व्यवस्था होने से जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकेगी. वहीं कई दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने सड़क पर सामान रख दिया जाता है. जिसके कारण भी लोगों को जाम एवं परेशानी का सामना करना पड़ता है.

# 10 दिन पहले छोड़ें पानी, टेल क्षेत्र में लेट पानी पहुंचने से होती समस्या

### किसानों ने कलैक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**नटेरन 14 अक्टूबर,** नटेरन तहसील अंतर्गत नहर टेल क्षेत्र के किसानों ने नायब तहसीलदार पीयूष जैन को ज्ञापन सौंपा.संजय सागर बाह परियोजना की नेहर को समय पर चालू करने के संबंध में संजय सागर वहां परियोजना टेल क्षेत्र के किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए परियोजना की नहर समय से 10 दिन पहले छोड़ी जाए. साथ ही रिनिया के पास नेहर में राजनीतिक प्रभावशाली लोगों द्वारा 5 इंची और 6 इंची पाइपलाइन गढ़ा कर नहर में विद्युत मोटर लगाकर नहर क्षेत्र के बाहर पानी ले जाया जाता है.नेहर पर विद्युत मंडल द्वारा जो कनेक्शन दिए गए हैं.उनको बंद कराया जाए जिसकी वजह से हमारे टेल क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच पाता. इसलिए पिछले वर्ष हमारी पलेवा भी नहीं हो पाए थे जिस वजह से बोनी नहीं हो पाई खेत खाली रह गए थे.इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करने की मांग की है.ज्ञापन सौंपने वाले नीलेश रघुवंशी,ब्रजेश चौकसे, सीताराम दिलेरिया ,बृजेंद्र सिंह रघुवंशी आदि किसान मौजूद रहे.

# दुकान से पेटी उठाकर नगदी ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** मंडी क्षेत्र में मुख्य द्वार के पास एक दुकान से नगदी चोरी होने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार एक व्यापारी अपनी दुकान से कुछ दूर गया था. इसी बीच अज्ञात चोर गल्ला पेटी उठाकर फरार हो गया. पेटी में नगदी रखी हुई थी. राकेश साहू ने बताया कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदातें होना चिंता का विषय है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की. मामले में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है.




# पड़त भूमि में प्लांटेशन कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम पंचायत अमीरगढ़ के कई ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन देकर पड़त भूमि में प्लांटेशन कार्य कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अमीरगढ़ में प्लांटेशन स्वीकृत हुए है, जो आबाद कृषि भूमि में लगवाये जा रहे है. जबकि पंचायत एवं आसपास के ग्रामों में पड़त वन भूमि उपलब्ध है. उन्होंने आबाद कृषि भूमि को छोड़कर पड़त भूमि में प्लांटेशन कराने की मांग की.

## 6 होटलों पर हुई खाद्य सामग्री की जांच

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगर की 6 होटल की जांच की गई जिन में दूषित प्रकार की बर्फी मावे की जलेबी मीठे समोसे एवं पोहा नमकीन आदि को मौके पर नष्ट कराया गया एवं होटल संचालकों को हिदायत दी गई वे दीपावली पर साफ स्वच्छ वातावरण में मिठाइयां तैयार करें.अमानक रंगों का इस्तेमाल न करें.नकली मावा एवं आप्राकृतिक संसाधनों से तैयार किए गए.मावे की मिठाइयों का विक्रय ना करें.वर्तमान में दीपावली त्योहार नजदीक है होटल की जांच का कार्य निरंतर जारी रहेगा.जिन दुकानदारों के पास दूषित प्रकृति की मिठाइयां ,मावा अथवा नमकीन इत्यादि सामग्री पाई जाती है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जावेगी.बस स्टैंड क्षेत्र जो की पब्लिक एरिया है तथा मेन रोड के दुकानदारों की होटल को चेक किया और उन पर 500 रूपये पेनल्टी अधिरोपितकी गई है.

# मासूमों की मौत पर संवेदनायें व्यक्त करने निकाला शोक मार्च

नवभारत न्यूज


**विदिशा,** छिंदवाड़ा में जहरीली खांसी की दवाई से हुई मासूमों की मौत के प्रति शोक संवेदनायें व्यक्त करने और न्याय की मांग के लिए एक शोक मार्च का आयोजन किया गया जिसमें विदिशा जिले के सभी चिकित्सकों के अलावा समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए.सभी ने मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया.साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की और डॉ सोनी को जल्द से जल्द दोषमुक्त कर रिहा करने की मांग भी की गयी.पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म की भर्तस्ना करते हुए दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सज़ा देने की माँग की और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए संकल्प लिया.




# स्टेशन क्षेत्र के वार्ड में चलाया सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए स्टेशन क्षेत्र के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश नेमा की देखरेख में चलाया जा रहा है.गटर नालिया खाली प्लाट जहां गंदगी पड़ी हुई थी तथा बेकार मटेरियल पड़ा हुआ था उसे उठवाया गया और गटर नालियां चोक पड़ी थी उनकी विशेष सफाई जड़ से की गई वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 , 5 जहां भारी गंदगी से लोग परेशान थे.वहां की सफाई कराई गई ताकि दीपावली पर गंदगी दिखाई न दे.



स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश कुमार नेमा ने बताया कि नगर के सभी 24 वार्डों में सफाई अभियान जारी है.नागरिक घरों की गंदगी दीपावली पर बाहर फेंकते हैं जो गलत है सभी वार्डों में कचरा वाहन पहुंच रहे हैं.नागरिक उसी में कचरा डालें ताकि सड़के नालिया साफ सुथरी रहे.कुछ लोग रात्रि के समय अपने मकान दुकानों का कचरा सड़क पर डालते हैं.ऐसे लोगों पर नगर पालिका कार्रवाई करेगी शहर साफ सुथरा रहे इसके लिए नागरिकों को भी सहयोग करना चाहिये.

## गुलाबगंज कॉलेज में हुआ वेबीनार

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में ऑनलाइन के माध्यम से एक दिवसीय वेंबीनार संपन्न हुआ. इसका विषय जलवायु परिवर्तन एवं जैव बीवी दत्त था.यह आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार डॉक्टर मणिमोहन मेहता की मार्गदर्शन तथा संयोजक डॉक्टर देवराज सिंह द्वारा संपन्न हुआ. विश्वविद्यालय ईट नगर अरुणाचल प्रदेश तथा डॉक्टर संदीप सराफा उप ग्रंथपाल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश रहे इसके साथ ही महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ संजीव कुमार जैन डॉक्टर रवि शर्मा डॉक्टर विजय कुमार डॉक्टर वारिस जैन आदि ने तकनीकी सत्र में अपनी शोध पत्रों का वाचन किया. अतिथियों का परिचय डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह तथा श्रीमती रुचि जैन द्वारा दिया गया इस आयोजन का सफल आयोजन एवं संचालन डॉक्टर देवराज सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉक्टर रवि शर्मा द्वारा किया गया.

# रामचरित-मानस की प्रासंगिकता पर हुई परिचर्चा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** वर्तमान संदर्भों में रामचरित-मानस की प्रासंगिकता पर विचार-मंथन करने के लिये सकारात्मक परिचर्चा का आयोजन साहित्यिक सरोकारों के प्रेरणा-मंच द्वारा श्रीमती नवनीता पांडेय के निवास पर भगवान श्रीराम की वंदना से प्रारंभ हुई.डॉ.कमल चतुर्वेदी ने परिचर्चा का आरंभ करते हुए कहा कि महाकवि तुलसीदास की विलक्षण प्रतिभा से सभी परिचित हैं.वर्तमान संदर्भों में मानस और अधिक प्रासंगिक है क्योंकि भौतिक-विकास के तेजी से घूमते चक्र की चकाचौंध में आज की युवा-पीढ़ी जीवन के शाश्वत् मूल्यों से भी परहेज करती हुई विविध प्रकार के तर्क करने लगी है. ऐसी स्थिति में विश्वास, मर्यादा, समाज-नीति, शील, शक्ति सौन्दर्य के साथ ही समन्वय और लोकमंगल की भावना यदि अपनी संपूर्णता में कहीं मिलती है तो वह रामचरित मानस में ही मिलती है.यहाँ आज की हर समस्या का समाधान है.एक एक चौपाई, एक एक दोहा प्रासंगिक है.वर्तमान में यदि बहुत दीनता पूर्वक प्रयास करने पर भी प्रयास सफल न हो तो मानस में स्पष्ट उल्लेख है.भय बिनु होय न प्रीति. उन्होंने ऐसे अनेक दोहों के माध्यम से आज के परिवेश में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पंक्तियाँ व्यक्त कीं. श्रीमती कुसुम सिंह तोमर,श्रीमती नवनीता पांडेय,श्रीमती जागृति अवस्थी,संतोष नामदेव आदि ने भी मानस की प्रासंगिकता को विभिन्न संदर्भों में व्यक्त किया.संजीव पांडे ने आभार व्यक्त किया.



## कांग्रेस शहर गांव में चला रही वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नगर में दिल्ली एवं भोपाल से पर्यवेक्षक प्रभारी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी पूर्व विधायक निशंक जैन की अगुवाई में लोगों से फार्म भरवाए जा रहे हैं तथा नुक्कड़ सभाएं की जा रही हैं.गंजबासौदा इंदिरा भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया.जिसमें विदिशा जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक निशंक जैन ने अपने संबोधन में कहा की कांग्रेस जनों को सक्रियता से अपना दायित्व निभाना चाहिए.पार्टी के लोग मैदान में आए और इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान देकर संगठन को मजबूत बनाएं.इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं ने भी अपने विचार तथा सुझाव दिए.

# पायलेट प्रोजेक्ट कर रहा है परेशान, किसान और व्यापारी दोनों हो रहे परेशान

### दिन भर बन पाते दो से तीन कूपन, सिस्टम में उलझे किसान



नवभारत न्यूज

**विदिशा , जिले में उर्वरक वितरण के लिए लागू पायलेट प्रोजेक्ट से किसान और व्यापारी परेशान हैं. 1 अक्टूबर से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में कई तकनीकी और संचालन संबंधी खामियां सामने आई हैं, जिनसे किसानों को खाद लेने और व्यापारियों को स्टॉक प्रबंधन में दिक्कत हो रही है. कसानों को मोबाइल पर ई-टोकन बनाना पड़ता है, जबकि अधिकांश किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं है और उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया, जिससे वे मजबूरन अतिरिक्त शुल्क देकर ऑनलाइन एजेंटों के पास जाते हैं.**

पोर्टल पर डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरकों का स्टॉक सही ढंग से नहीं दिखता है, साथ ही सर्वर बार-बार डाउन रहता है. पोस मशीन और पोर्टल के स्टॉक में भी भिन्नता पाई गई है. किसानों और व्यापारियों को बार-बार सत्यापन करना पड़ रहा है, जिससे वितरण में देरी हो रही है. पाइलेट प्रोजेक्ट केवल विदिशा, जबलपुर और शाजापुर जिलों में लागू होने के कारण भी समस्या जटिल हो रही है। किसानों को केवल डीएपी या यूरिया ही चाहिए, लेकिन व्यापारी अन्य उर्वरक का स्टॉक रोक कर रखने को मजबूर हैं.कीटनाशक एवं उर्वरक संघ ने डीडीए को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पाइलेट प्रोजेक्ट की कमियों को दूर किए बिना इसे स्थगित किया जाए और पुरानी वितरण व्यवस्था तत्काल लागू की जाए ताकि किसानों को समय पर खाद मिले और व्यापारी अपना स्टॉक व्यवस्थित कर सकें. संघ ने साथ ही किसान, व्यापारी और फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण दिए जाने की भी अपील की है. जिला प्रशासन खाद भंडारण और वितरण की बेहतर व्यवस्था के दावे करता है, पर किसानों की जमीनी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं. किसानों का कहना है कि खाद और बीज समय पर नहीं मिलने से उनकी फसल भी प्रभावित हो रही है और उन्हें महंगी काला बाजारी खाद खरीदनी पड़ रही है.व्यापारी घनश्याम बसल ने बताया कि ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसान पूरे दिन भटक रहे हैं और दुकानदारों से विवाद हो रहा है. गोपालदास राठी ने कहा कि नई व्यवस्था में कई समस्याएं हैं और इसे पूरी तैयारी के बिना लागू किया गया है. राजीव पितलिया ने बताया कि सर्वर बार-बार बंद होने से दिनभर में सिर्फ एक-दो कूपन ही बन पाते हैं. सिरोंज, लटेरी, बासौदा, शमशाबाद और विदिशा सहित सभी क्षेत्रों में उर्वरक दुकानें बंद रहीं. जिले के कुल 94 उर्वरक विक्रेताओं ने पुरानी व्यवस्था बहाल करने या नई प्रणाली सुधारने की मांग की.

# रक्षा के क्षेत्र मे कलाम साहब ने भारत को बनाया आत्मनिर्भर-रघुवंशी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में उनका जन्मदिन विश्व छात्र दिवस के रूप मे मनाया जाता है. इसकी पूर्व संध्या पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने ग्रामीण प्रतिभावान बच्चो का सेमरी मे सम्मान समारोह आयोजित किया गया.कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्य कारिणी सदस्य राम कमल सिंह रघुवंशी ने बताया रक्षा के क्षेत्र मे कलाम साहब ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया. इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को भारत के रामेश्वरम में हुआ था. मुख्य अतिथि जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव, साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ,पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह ,समाजसेवी फेरन सिंह लोधी ने विचार व्यक्त किये.कार्यक्रम में जिन बच्चों को प्रमाण पत्र व कलम देकर सम्मानित किया गया उनमे मानसी राजपूत अंशुल पंथी प्रियांशी सेन नुपुर लोधी रानी लोधी कार्तिक लोधी दीपेश लोधी भावना लोधी प्रियंका लोधी यश पंथी अरूण लोधी परी लोधी सलोनी मालवीय आदि शामिल थीं.

◆ शव वाहन / फ्रीज़र
◆ ब्लड ग्रुप लिस्ट
◆ मरीज इलाज उपकरण
◆ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
◆ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो
84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

परेशानी | धूमिल हो रही पत्रकारिता की साख

# पुलिस ,प्रेस लिखे वाहन बन रहे जांच से बचाव का जरिया

नवभारत न्यूज

**सांची, नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों पुलिस और प्रेस लिखे वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। ऐसे वाहन खुलेआम सड़कों पर फर्राटे भरते देखे जा सकते हैं, जबकि इनमें से अधिकतर का न तो पुलिस से और न ही पत्रकारिता से कोई वास्तविक संबंध होता है.**




जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा नगर में जगह-जगह जांच पाइंट तो बनाए गए हैं, जहां आम वाहनों की जांच होती है, परंतु पुलिस या प्रेस लिखे वाहन जांच से आसानी से बच निकलते हैं। नतीजतन, कई बार इन्हीं वाहनों का उपयोग संदिग्ध और अवैध गतिविधियों में भी किया जाता है। कई ऐसे वाहन पूर्व में पुलिस के हत्थे भी चढ़ चुके हैं।

इन फर्जी प्रेस और पुलिस लिखे वाहनों ने न केवल कानून-व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि सच्चे और निष्ठावान पत्रकारों की छवि पर भी दाग लगाया है। पत्रकारिता के नाम पर कुछ कथित लोग गले में बैग और चैनल आईडी लटकाकर, प्रेस कार्ड जेब में रखकर सड़कों पर सक्रिय हैं — जो पत्रकारिता के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं ।तथा अडीबाजी को अंजाम देने से नहीं चूक रहे है तब अधिकारी कर्मचारी भी पत्रकारिता को कोसते दिखाई दे रहे है।

इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रशासनिक व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न कर रही हैं. अधिकारी-कर्मचारियों को यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि कौन असली पत्रकार है और कौन फर्जी.नतीजा यह होता है कि वास्तविक पत्रकारों को भी संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगा है.

हालांकि कुछ समय पहले जिला प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सूची जारी की जा चुकी है, फिर भी ग्रामीण इलाकों से लेकर सांची, सलामतपुर, दीवानगंज और भोपाल-विदिशा तक के लोग इस क्षेत्र में पहुंच कर पत्रकारिता को कलंकित कर रहे है फर्जी प्रेस वाहनों की चर्चा आम है.इन वाहनधारकों के कारण न केवल पत्रकारिता की साख खतरे में पड़ रही है बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है.पुलिस को पुलिस, एवं प्रेस लिखे वाहनों की सख्त जांच करने की जरुरत मेहसूस हो रही हैं.

### करेंगे कार्यवाही-थाना प्रभारी

इस मामले में जेपी त्रिपाठी थाना प्रभारी सांची का इनका कहना है कि हम पुलिस, प्रेस लिखे वाहनों की भी जांच करेंगे वाहन के साथ पुलिस प्रेस शब्द का स्तेमाल करने वालों की भी जांच की जायेगी.गलत पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी.

# व्यापारियों की बैठक में सुरक्षा जागरुकता पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**सांची, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सांची थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी ने बस स्टैंड परिसर में व्यापारियों की बैठक ली. बैठक का उद्देश्य नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा.**

थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने उपस्थित व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और किसी विश्वसनीय व्यक्ति को चौकीदार के रूप में नियुक्त करें.उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है, परंतु चोरी की घटनाओं को रोकने में आम नागरिकों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है.बैठक में व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएँ और सुझाव रखे, जिन पर थाना प्रभारी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि पुलिस-जन सहयोग से ही क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत की जा सकती है. थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने बताया कि नगर की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है.पुलिस लगातार गश्त और निगरानी कर रही है.लेकिन व्यापारियों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है.यदि सभी दुकानदार अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेंगे तो चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा.